भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2570**

16 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय-किसानों के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देने की योजनाएँ**

**2570. श्री अ. मनिः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में किसानों के बीच कौशल विकास, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ये योजनाएं तमिलनाडु में प्रभावी ढंग से कार्यान्वित की जा रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान धर्मपुरी जिले में कौन सी विशिष्ट पहल, प्रशिक्षण मॉड्यूल, एक्सपोजर दौरे, किसान फील्ड स्कूल और डिजिटल कृषि-कौशल कार्यक्रम संचालित किए गए हैं;

(घ) धर्मपुरी में इन कौशल विकास कार्यक्रमों से लाभान्वित हुए किसानों की संख्या वर्ष-वार कितनी है; और

(ङ) क्या सरकार का धर्मपुरी में किसानों के लिए कौशल विकास, विशेषकर आधुनिक कृषि तकनीकों, एफपीओ विकास और संबद्ध क्षेत्र विविधीकरण को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त सहायता या नए कार्यक्रमों का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**<u>कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)</u>**

(क) केंद्र प्रायोजित योजना “विस्तार सुधारों हेतु राज्य कृषि विस्तार कार्यक्रमों को सहायता” (आत्मा) देश में विकेंद्रीकृत और किसान-हितैषी कृषि विस्तार प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए 28 राज्यों और 5 संघ राज्य क्षेत्रों के 734 जिलों में कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य राज्य सरकारों के प्रयासों को सहयोग करना और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकियों और उत्तम कृषि पद्धतियों को किसानों तक विभिन्न विस्तार गतिविधियों जैसे कि किसान प्रशिक्षण, ग्रामीण युवाओं का कौशल प्रशिक्षण, प्रदर्शन, एक्सपोज़र दौरे, किसान मेला, किसान समूहों के संगठन और कृषि विद्यालयों के आयोजन आदि के माध्यम से पहुंचाना है।

ग्रामीण युवाओं के कौशल प्रशिक्षण (एस.टी.आर.वाई.) का उद्देश्य कृषि आधारित व्यावसायिक क्षेत्रों में किसानों सहित ग्रामीण युवाओं को कम अवधि के कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना है। एस.टी.आर.वाई. का कार्यान्वयन राष्ट्रीय विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज) द्वारा राज्य कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थानों (समेति) और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के सहयोग से किया जाता है। वर्ष 2015-16 से अब तक इस योजना के तहत किसानों सहित 86,000 से अधिक ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

एस.टी.आर.वाई. के अतिरिक्त, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार जुलाई 2015 से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में न्यूनतम 200 घंटे की अवधि के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।

तमिलनाडु सरकार सहित देश के विभिन्न राज्यों में कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.) योजना कार्यान्वित कर रही है, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी का मूल्यांकन और प्रदर्शन करके उसके उपयोग और क्षमता विकास को बढ़ावा देना है। अपनी गतिविधियों के अंतर्गत, के.वी.के. किसानों, महिला किसानों और ग्रामीण युवाओं को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं ताकि उनकी क्षमता का निर्माण हो सके।

(ख) जी हाँ। धर्मपुरी जिले सहित तमिलनाडु राज्य के सभी जिलों में आत्मा योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इसी प्रकार, कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.) योजना भी धर्मपुरी जिले सहित तमिलनाडु के 31 जिलों में भी कार्यान्वित की जा रही है **(अनुबंध-1)**।

एस.टी.आर.वाई. योजना तमिलनाडु में समेति के सहयोग से सफलतापूर्वक लागू की जा रही है। राज्य में इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की जिलावार और वर्षवार स्थिति **अनुबंध-II** पर संलग्न है।

(ग) धर्मपुरी जिले में पिछले पांच वर्षों (वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25) के दौरान आत्मा और के.वी.के. के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और एक्सपोजर दौरे का विवरण नीचे दिया गया है:-

| **क्र.सं.** | **गतिविधि** | **कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा)** | | **कृषि विज्ञान केंद्र (के.वी.के.)** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **कार्यक्रमों की संख्या** | **प्रतिभागियों की संख्या** | **कार्यक्रमों की संख्या** | **प्रतिभागियों की संख्या** |
| 1. | प्रशिक्षण कार्यक्रम | 683 | 34,336 | 564 | 18,404 |
| 2. | एक्सपोजर दौरे | 291 | 8,730 | 92 | 2,509 |

(घ) इस कार्यक्रम के तहत किसानों सहित कुल 168 ग्रामीण युवा लाभान्वित हुए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान धर्मपुरी जिले में एस.टी.आर.वाई. के तहत प्रशिक्षित युवाओं (किसानों सहित) की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है: -

| **जिला** | **एस.टी.आर.वाई. के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की संख्या (संख्या)** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| धर्मपुरी | 0 | 56 | 28 | 28 | 56 |

धर्मपुरी में कौशल विकास कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या निम्नलिखित है:

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **आयोजित कौशल प्रशिक्षणों की संख्या** | **लाभार्थियों की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | 1 | 28 |
| 2. | 2021-22 | 2 | 39 |
| 3. | 2022-23 | 2 | 41 |
| 4. | 2023-24 | 2 | 56 |
| 5. | 2024-25 | 2 | 56 |
| **कुल: -** | | **9** | **220** |

(ङ) किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) के संदर्भ में, तमिलनाडु सरकार ने कृषि विपणन एवं कृषि-व्यापार विभाग के माध्यम से धर्मपुरी जिले के मोराप्पुर ब्लॉक के केलावल्ली में पंबर किसान उत्पादक संगठन को एक मिलेट प्रसंस्करण इकाई उपलब्ध कराई है। इस प्रसंस्करण इकाई का उपयोग करके, आसपास के ब्लॉकों के किसान भी मूल्यवर्धित मिलेट उत्पादों को बेचकर लाभान्वित हो रहे हैं।

**अनुबंध-I**

**तमिलनाडु में कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्रों (के.वी.के.) का जिलावार विवरण**

| क्र.सं. | जिला/के.वी.के. | आयोजक संगठन का प्रकार | स्थापना वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | अरियालूर | एनजीओ | 2009 |
| 2 | चेंगलपट्टू | साउ (टीएएनयूवीएएस) | 1985 |
| 3 | कोयंबटूर | एनजीओ | 1979 |
| 4 | कूड्डालोर | एसएयू (टीएनएयू) | 1985 |
| 5 | धर्मपुरी | एसएयू (टीएनएयू) | 2006 |
| 6 | डिंडीगुल | डीयू (जीआरआई) | 1989 |
| 7 | इरोड | एनजीओ | 1992 |
| 8 | कल्लाकुरिची | साउ (टीएएनयूवीएएस) | 2018 |
| 9 | कन्याकुमारी | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 10 | करूर | एनजीओ | 2005 |
| 11 | कृष्णागिरी | एनजीओ | 1978 |
| 12 | मदुरै | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 13 | नागपट्टनम | एसएयू (टीएनजेएफयू) | 2004 |
| 14 | नामक्कल | साउ (टीएएनयूवीएएस) | 2004 |
| 15 | पेरम्बलुर | एनजीओ | 2002 |
| 16 | पुदुक्कोट्टई | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 17 | रामनाथपुरम | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 18 | सेलम | एसएयू (टीएनएयू) | 1994 |
| 19 | शिवगंगा | साउ (टीएएनयूवीएएस) | 1996 |
| 20 | नीलगिरी | एसएयू (टीएनएयू) | 2022 |
| 21 | तेनी | एनजीओ | 1994 |
| 22 | तेंकाशी | एनजीओ | 1994 |
| 23 | तूतुक्कुडी | एनजीओ | 1996 |
| 24 | तिरुचिरापल्ली | एसएयू (टीएनएयू) | 1977 |
| 25 | तिरुपुर | एसएयू (टीएनएयू) | 2019 |
| 26 | तिरुवल्लुर | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 27 | तिरुवन्नामलाई | एनजीओ | 1991 |
| 28 | तिरुवरुर | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 29 | वेल्लूर | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 30 | विल्लुपुरम | एसएयू (टीएनएयू) | 2004 |
| 31 | विरुधुनगर | एसएयू (टीएनएयू) | 2006 |

| अनुबंध-II | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **जिला** | **ग्रामीण युवाओं के कौशल प्रशिक्षण (एस.टी.आर.वाई.) के तहत प्रशिक्षित युवाओं की संख्या** | | | | |
| | | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| 1 | अरियालूर | 15 | 15 | 15 | 30 | 0 |
| 2 | कोयंबटूर | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 3 | कूड्डालोर | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 4 | धर्मपुरी | 0 | 56 | 28 | 28 | 56 |
| 5 | डिंडीगुल | 28 | 28 | 28 | 28 | 28 |
| 6 | इरोड | 56 | 28 | 28 | 56 | 56 |
| 7 | कांचीपुरम | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 8 | कन्याकुमारी | 28 | 56 | 28 | 56 | 28 |
| 9 | करूर | 0 | 56 | 28 | 56 | 56 |
| 10 | कृष्णागिरी | 28 | 28 | 28 | 56 | 56 |
| 11 | मदुरै | 0 | 56 | 28 | 56 | 56 |
| 12 | नागपट्टनम | 0 | 56 | 28 | 56 | 84 |
| 13 | नामक्कल | 0 | 56 | 28 | 28 | 0 |
| 14 | पेरम्बलुर | 15 | 43 | 15 | 56 | 28 |
| 15 | पुदुक्कोट्टई | 0 | 56 | 28 | 84 | 28 |
| 16 | रामनाथपुरम | 0 | 56 | 28 | 56 | 56 |
| 17 | सेलम | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 18 | शिवगंगा | 15 | 15 | 15 | 30 | 28 |
| 19 | तंजावुर | 15 | 15 | 28 | 56 | 56 |
| 20 | तेनी | 28 | 112 | 28 | 56 | 28 |
| 21 | तूतुक्कुडी (तूतीकोरिन) | 15 | 15 | 15 | 15 | 28 |
| 22 | तिरुनेलवेली | 0 | 56 | 28 | 84 | 28 |
| 23 | तिरुपूर | 28 | 28 | 28 | 56 | 0 |
| 24 | तिरुवल्लुर | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 25 | तिरुवन्नामलाई | 28 | 56 | 28 | 71 | 58 |
| 26 | तिरुवरुर | 15 | 28 | 28 | 84 | 56 |
| 27 | त्रिची | 28 | 28 | 28 | 84 | 84 |
| 28 | वेल्लूर | 28 | 56 | 28 | 56 | 56 |
| 29 | विलुप्पुरम | 28 | 28 | 28 | 56 | 28 |
| 30 | विरुधुनगर | 28 | 140 | 56 | 56 | 56 |
| 31 | नीलगिरी | 0 | 15 | 28 | 43 | 28 |
| 32 | तेनकासी | 15 | 15 | 15 | 30 | 43 |
| 33 | रानीपेट | 28 | 28 | 0 | 56 | 0 |
| 34 | तिरुपत्तूर | 0 | 28 | 28 | 56 | 0 |
| 35 | चेंगलपट्टू | 0 | 28 | 28 | 56 | 56 |
| 36 | कल्लकुरिची | 28 | 28 | 28 | 56 | 0 |
| 37 | मयिलादुरई | 0 | 0 | 28 | 56 | 28 |
| **कुल: -** | | **637** | **1449** | **971** | **1983** | **1333** |

*****